# आर्कटिक समुद्री बर्फ का भारतीय मानसून पर प्रभाव

## प्रिलिम्स के लिये:

भारत का मानसून पैटर्न , पश्चिमी विक्षोभ , आर्कटिक सागर की बर्फ पिघलना , एल नीनो और ला नीना

## मेन्स के लिये:

भारत के लिये मानसून का महत्त्व, भारतीय मानसून पर आर्कटिक समुद्री बर्फ का प्रभाव, भारत के लिये बदलते मानसून पैटर्न के निहितार्थ।

## स्रोत: द हिंदू

हाल ही में हुए शोध से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन के कारण **आर्कटिक समुद्री बर्फ के स्तर में गिरावट भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून वर्षा (ISMR) को** प्रभावित कर रही है, जिससे **परिवर्तनशीलता और अप्रत्याशितता बढ़ रही है।**

- इसमें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत भारत के राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र (NCPOR) **और दक्षिण कोरिया के कोरिया ध्रुवीय अनुसंधान संस्थान के शोधकर्त्ता शामिल थे**।
- एक अन्य अध्ययन में **इस मानसून** सीज़न में उत्तर-पश्चिमी भारत में हुई महत्त्वपूर्ण बारिश की अधिकता का श्रेय जलवायु संकट से प्रेरित दीर्घकालिक परिदृश्य को दिया गया है।

## आर्कटिक समुद्री बर्फ भारतीय मानसून को किस प्रकार प्रभावित करती है?

- **मध्य आर्कटिक सागर की बर्फ में कमी: आर्कटिक सागर** (आर्कटिक महासागर और उसके आस-पास के समुद्री बर्फ आवरण) में कमी के कारण **पश्चिमी और प्रायद्वीपीय भारत में वर्षा में कमी आती है,** जबकि **मध्य और उत्तरी भारत में वर्षा में वृद्धि होती है।**
  - **ऐसा महासागर से वायुमंडल में ऊष्मा स्थानांतरण में वृद्धि** के कारण होता है, जिससे **रॉस्बी तरंगें मज़बूत होती हैं**, जो वैश्विक मौसम पैटर्न को बदल देती हैं।
  - **बढ़ी हुई रॉस्बी तरंगें उत्तर-पश्चिम भारत पर उच्च दबाव** और **भूमध्य सागर पर निम्न दबाव** उत्पन्न करती हैं , **जिससे उपोष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट उत्तर की ओर स्थानांतरित हो जाता है,** जिसके परिणामस्वरूप पश्चिमी और प्रायद्वीपीय भारत में अधिक वर्षा होती है।
- **बेरेंट्स-कारा सागर क्षेत्र की समुद्री बर्फ में कमी:** बेरेंट्स-कारा सागर में समुद्री बर्फ की कमी के कारण **दक्षिण-पश्चिम चीन पर उच्च दाब** और **सकारात्मक आर्कटिक दोलन होता है** , जो वैश्विक मौसम पैटर्न को प्रभावित करता है।
  - समुद्री बर्फ के कम होने से सागर गर्म होता है, जिससे उत्तर-पश्चिमी यूरोप में **साफ आसमान देखने को मिलते है।**
  - यह व्यवधान **उपोष्णकटिबंधीय एशिया और भारत में ऊपरी वायुमंडलीय स्थितियों को प्रभावित करता है** , जिसके परिणामस्वरूप **पूर्वोत्तर भारत में अधिक वर्षा होती है,** जबकि मध्य तथा उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में कम वर्षा होती है।
- **जलवायु परिवर्तन की भूमिका:** गर्म होते अरब सागर और आस-पास के जल निकायों की आर्द्रता के कारण मौसम का प्रारूप और अस्थिर हो जाता है, जिससे मानसूनी वर्षा में परिवर्तनशीलता बढ़ जाती है।

## उत्तर-पश्चिमी भारत में अधिशेष वर्षा से संबंधित अध्ययन के निष्कर्ष क्या हैं?

- **अरब सागर की आर्द्रता में वृद्धि: अरब सागर की आर्द्रता में वृद्धि** के कारण उत्तर-पश्चिमी भारत में मानसून अधिक आर्द्र रहता है। उच्च उत्सर्जन परिदृश्यों में यह प्रवृत्ति जारी रहने की आशा है ।
- **पवन प्रतिरूपों में परिवर्तन:** इस क्षेत्र में वर्षा में वृद्धि से **पवन प्रतिरूपों में** परिवर्तन से संबद्ध है। **अरब सागर क्षेत्र में तेज़ पवनें** एवं **उत्तरी भारत क्षेत्र में पवनों की मंद गति उत्तर-पश्चिमी भारत में आर्द्रता को अवरुद्ध कर लेती है** ।
  - इन पवनों के कारण अरब सागर से होने वाला वाष्पीकरण भी क्षेत्र में वर्षा में वृद्धि का कारण बनता है।
- **दाब प्रवणता में बदलाव:** वायु प्रतिरूपों में परिवर्तन दाब प्रवणता में बदलाव के कारण होता है।
  - **मस्कारेने द्वीप समूह** (हिंद महासागर) के आस-पास बढ़े हुए दाब और **भूमध्यरेखीय हिंद महासागर में घटते दाब से** उत्तर-पश्चिमी भारत में

वर्षा होती है।

- **पूर्व-पश्चिम दाब प्रवणता में वृद्धि:** पूर्वी प्रशांत क्षेत्र पर उच्च दाब से प्रभावित पूर्व-पश्चिम दाब प्रवणता में वृद्धि, इन पवनों को और भी गति प्रदान करती है। इससे **मानसून में और भी अधिक आर्द्रता बढ़ जाती है।**

## 'रॉस्बी' तरंग

- ये **बड़े पैमाने की वायुमंडलीय तरंगें हैं, जिन्हें ग्रहीय तरंगें** भी कहा जाता है , जो मुख्य रूप से पृथ्वी के वायुमंडल के **मध्य अक्षांशों में उत्पन्न होती हैं।**
- वे **पश्चिम से पूर्व की ओर बहने वाली उच्च ऊँचाई वाली** वायु धाराओं के साथ जेट धाराओं के रूप में बनते हैं और इनका **घुमावदार पैटर्न होता है** जो उत्तरी और दक्षिणी गोलार्द्ध में मौसम को प्रभावित करता है।
- ये तरंगें **वहाँ सर्वाधिक प्रबल होती हैं जहाँ भूमध्य रेखा और ध्रुवों के बीच तापमान में बहुत अधिक अंतर होता है** ।
- वे **वैश्विक मौसम पैटर्न को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं** तथा तापमान चरम सीमा और वर्षा के स्तर को प्रभावित करता है।
- रॉस्बी तरंगें **वैश्विक ताप वितरण को संतुलित करने में मदद करती हैं**, **ध्रुवीय क्षेत्रों को अधिक ठंडा होने से** तथा **भूमध्यरेखीय क्षेत्रों को अधिक गरम होने से रोकती हैं**।

## भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून वर्षा (ISMR) क्या है?

- भारतीय **ग्रीष्मकालीन मानसून वर्षा (ISMR)** एक **प्रमुख जलवायु घटना है** जो तब होती है जब **हिंद महासागर से ग्रहण कर वायु भारतीय उपमहाद्वीप** की ओर बढ़ती है ।
  - यह भारतीय उपमहाद्वीप में **जुलाई से सितंबर तक होता है** तथा अधिकांश वर्षा **जुलाई और अगस्त में होती है।**
- **ISMR को प्रभावित करने वाले कारक: ISMR भारतीय, अटलांटिक** और **प्रशांत महासागरों के सतह के तापमान के** साथ-साथ **मध्य अक्षांशों** पर प्रवाहित बड़े पैमाने पर **वायुमंडलीय तरंग, सर्कम-ग्लोबल टेलीकनेक्शन (CGT)** से प्रभावित होती है ।
- **गठन:**
  - सूर्य का प्रकाश **मध्य एशियाई और भारतीय भू-भाग को** आस-पास के महासागर की तुलना में अधिक **तेज़ी से गरम करता है, जिससे एक निम्न-दाब पट्टी विकसित होती है जिसे अंतःउष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ)** के रूप में जाना जाता है।
  - **दक्षिण-पूर्व से** प्रवाहित होने वाली **व्यापारिक पवनें** कोरिओलिस बल के कारण **भारतीय भू-भाग की ओर मुड़ जाती** हैं।
    - ये पवनें भूमध्य रेखा को पार कर अरब सागर से आर्द्रता ग्रहण कर भारत में वर्षा करती हैं।
  - **दक्षिण-पश्चिम मानसून दो शाखाओं में विभाजित हो जाता है।** एक शाखा **पश्चिमी तट (अरब सागर शाखा) में वर्षा करती है** तथा दूसरी शाखा से **भारत के पूर्वी और पूर्वोत्तर भागों (बंगाल की खाड़ी शाखा) में वर्षा होती है**।
    - ये शाखाएँ **पंजाब** और **हिमाचल प्रदेश** में **मिलती हैं**।
- **भारत में शीतकालीन मानसून वर्षा:** पूर्वोत्तर मानसून **सर्दियों के दौरान लौटता हुआ मानसून है** (साइबेरियाई और तिब्बती पठारों पर बनने वाले उच्च दाब सेल्स के कारण)।
  - **यह वर्षा अक्तूबर से दिसंबर के दौरान होती है।**

## भारत के लिये मानसून का क्या महत्त्व है?

- **कृषि के लिये उपयोगी:** मानसून भारतीय कृषि के लिये महत्त्वपूर्ण है, जो खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका को प्रभावित करता है।**61% किसान वर्षा पर निर्भर हैं,** एक अच्छी तरह से वितरित मानसून **भारत की 55% वर्षा-आधारित फसलों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है** और कृषि उत्पादकता तथा अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है।
- **जल संसाधन प्रबंधन**: भारत में **वार्षिक वर्षा 70-90% भाग मानसून ऋतु** (जून से सितंबर) के दौरान प्राप्त होता है, जो नदियों, झीलों और भूजल के पुनः जल भराव के लिये आवश्यक है।
  - यह अवधि सिंचाई, पेयजल और जलविद्युत के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- **आर्थिक प्रभाव:** अच्छा मानसून **ग्रामीण आय और उपभोक्ता मांग को बढ़ाता है** , जबकि खराब मानसून **खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति** का कारण बन सकता है तथा समग्र अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है, जिससे मौद्रिक नीति तथा सरकारी व्यय प्रभावित हो सकता है।
- **पारिस्थितिकी संतुलन:** मानसून **भारत के विविध पारिस्थितिकी तंत्रों का समर्थन करता है** , जिससे जैवविविधता, वन्यजीव प्रवास और आवास स्वास्थ्य प्रभावित होता है। मानसून के पैटर्न में बदलाव से वनस्पति तथा जीव बाधित हो सकते हैं।
- **जलवायु विनियमन:** भारतीय मानसून वैश्विक जलवायु विनियमन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, वायुमंडलीय पैटर्न को प्रभावित करता है और एल नीनो व ला नीना जैसी घटनाओं के साथ अंतःक्रिया करता है।

## आर्कटिक महासागर:

- यह विश्व का सबसे छोटा महासागर है, जो लगभग उत्तरी ध्रुव पर केंद्रित है।
- इसकी सीमा कनाडा, ग्रीनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका से लगती है।
- **प्रमुख समुद्र:** इसमें बैरेंट्स, कारा, लाप्टेव, पूर्वी साइबेरियाई और ब्यूफोर्ट सागर शामिल हैं।
- **हिम आवरण:** मुख्य रूप से समुद्री बर्फ से ढका हुआ, जो मौसम के अनुसार पिघलता और जमता रहता है।
- **जलवायु परिवर्तन:** तेज़ी से बढ़ते तापमान के कारण हिम-आवरण में गिरावट हुई है, जिससे नए शिपिंग मार्ग (जैसे- उत्तरी समुद्री मार्ग) विकसित हुए हैं जिससे संसाधनों तक पहुँच बढ़ गई है।

- **संसाधन:** अनुमानतः वशि्व के 13% तेल और 30% प्राकृतकि गैस भंडार यहीं मौजूद हैं।

**??????? ?????? ???????:**

भारत में कृषि उत्पादकता पर मानसून के बदलते प्रारूप के प्रभाव पर चर्चा कीजयि। ये परविर्तन खाद्य संरक्षा और ग्रामीण आजीवकिा को कसि प्रकार प्रभावति करते हैं?

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**??????????**

**प्रश्न. भारतीय मानसून का पूर्वानुमान करते समय कभी-कभी समाचारों में उल्लखिति 'इंडयिन ओशन डाइपोल (IOD)' के संदर्भ में नम्निलखिति कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2017)**

1. IOD परघिटना, उष्णकटबिंधीय पश्चमिी हदि महासागर एवं उष्णकटबिंधीय पूर्वी प्रशांत महासागर के बीच सागर-पृष्ठ तापमान के अंतर से वशिषिति होती है।
2. IOD परघिटना मानसून पर एल-नीनो के असर को प्रभावति कर सकती है।

**नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)**

---

**?????**

**Q. आप कहाँ तक सहमत हैं कि मानवीकारी दृश्भूमयिों के कारण भारतीय मानसून के आचरण में परविर्तन होता रहा है? चर्चा कीजयि। (2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/arctic-sea-ice-impact-on-indian-monsoon